कार्यालय प्राचार्य राजकीय महारानी सुदर्शन कन्या महाविद्यालय, बीकानेर

दिनांक :

# रेंजरिंग रिपोर्ट

जून 2021 से 31.08.22

21 जून 2021 को योग दिवस के अवसर पर रेंजर्स द्वारा योग के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि स्वस्थ जीवन के लिए योग को जीवन का हिस्सा बनाना होगा।

दिनांक 19.07.2021 को महाविद्यालय रेंजर्स प्राचार्य, डॉ शिशिर शर्मा , सहायक निदेशक डॉ राकेश हर्ष एवं रेंजर लीडर वृक्षारोपन किया गया।

स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर दिनांक 15.08.2021 को स्थानीय संघ मुख्यालय से आयोजित अमृत महोत्सव ''रन फोर फ्रीडम'' में रेंजर्स ने भाग लिया।

स्वतंत्रता दिवस को ही स्काउट एंड गाइड स्थानीय संघ बीकानेर द्वारा आयोजित नृत्य प्रतियोगिता में रेंजर्स देवी पारीक व आरती ओझा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

दिनांक 15.08.2021 को ही महाविद्यालय की रेंजर्स को कोरोना वारियर्स के रूप में सम्मानित किया गया। दिनांक 05.01.2022 को महाविद्यालय की 14 रेंजर्स ने निपुण पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा किया।

29.06.2022 को महाविद्यालय की 12 रेंजर्स को राज्यपाल पुरस्कार प्रमाण पत्र प्राप्त हुए।

**माह जुलाई 22 :**

इस माह में पंजीकरण प्रकिया को पूर्ण किया गया तथा साथ ही नये रेंजर्स को स्काउट एवं गाइड के बारे में आधारभूत जानकारी दी गई।

माह अगस्त 22 :

इस दौरान दिनांक 10.08.2022 को महाविद्यालय के आजादी का अमृत महोत्सव मनाया गया जिसमें महाविद्यालय के मौजूदा रेंजर्स ने सकिय साझेदारी निभाई। इसी दिन मुख्य अतिथि श्री नीरज के पवन, संभागीय आयुक्त, बीकानेर के साथ रेंजर्स ने महाविद्यालय परिसर मे वृक्षारोपन किया। दिनांक 30.08.2022 को महाविद्यालय में आयोजित क्षेत्रीय विनियेशक जागरूकता संगोष्ठि में 08 रेजर्स ने भाग लिया एवं प्रमाण पत्र प्राप्त किये। (हेमलता सोनी, अक्षित जोशी, प्रियंका पासवान, मनीषा वर्मा, संगीता, प्रियंका जालप, शोभना गोयल, पूजा पंवार) दिनांक 15.08.2022 को महाविद्यालय की 12 रेंजर्स को राज्य पुरस्कार प्रमाण पत्र प्रदान किये। (गरिमा राठौड़, दिव्या गहलोत, आरती ओझा, मीनल जोशी, देवी पारीक, पायल राजपुरोहित, जयश्री गुर्जर, भारती दौलिया, अक्षया सिंह, जयश्री कुम्हार, मनीषा भाटी व पूजा जोशी)

## रिपोर्ट
## स्लोगन प्रतियोगिता

सितम्बर 2021 में पोषण माह मनाने के क्रम में गृह विज्ञान विभाग, राजकीय महारानी सुदर्शन महाविद्यालय, बीकानेर द्वारा एक ऑनलाइन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्राओं को एक शीट पर स्पष्ट स्लोगन लिखकर (पोषण शिक्षण से सम्बन्धित) उसकी फोटो नाम के साथ ग्रुप में पोस्ट करनी थी।

प्रतियोगिता में स्नातक तथा स्नातकोत्तर गृह विज्ञान की छात्राओं की भागीदारी रही। निर्णायक की भूमिका श्रीमती सुनीता गहलोत, श्रीमती संगीता रचियता तथा डॉ. हिमान्शु काण्डपाल द्वारा सम्पन्न की गयी।

प्रथम स्थान योगिता सारस्वत, द्वितीय प्रियंका गोदारा तथा तृतीय स्थान सरला विश्नोई ने प्राप्त किया।

# प्रेस विज्ञप्ति

राज. महारानी सुदर्शन कन्या महाविद्यालय, बीकानेर में दिनांक 11.02.2022 को गृह विज्ञान परिषद् के तत्वावधान में गृह विज्ञान विभाग में सलाद सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सविता गुप्ता (BA II), द्वितीय स्थान एलिशा सोनी (BA I), तृतीय स्थान ~~सोनी~~ सोनू सोनी (BA I) और कृति शर्मा (BA I) तथा सांत्वना पुरस्कार पूजा मोदी (BA I) ने प्राप्त किया।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. इन्दिरा गोस्वामी ने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता के निर्णायक डॉ मोनिका क्षेत्रपाल, डॉ कल्पना खण्डेलवाल तथा डॉ. वीणा पुरोहित रहे।

(हस्ताक्षर)

कार्यालय प्राचार्य राजकीय महारानी सुदर्शन
गजनेर रोड, बीकानेर
ईमेल आईडी : mscollege.bkn@gmail.com, mscbikaner.ce@rajasthan.gov.in फोन नं 0151-2520161

दिनांक : 03.03.2022

## प्रेस–विज्ञप्ति

राजकीय महारानी सुदर्शन कन्या महाविद्यालय, बीकानेर में एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत् विज्ञान परिषद् के तत्वावधान में असमिया पाक कला प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 03.03.2022 को किया गया जिसकी अध्यक्षता डॉ इंदिरा गोस्वामी, प्राचार्य द्वारा की गई व इस तरह के कार्यक्रम में छात्राओं को आगे भी भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

इस कार्यक्रम के आयोजक प्रभारी गृह विज्ञान विभाग डॉ निधि अग्रवाल, डॉ संगीता रचियता व एक भारत श्रेष्ठ भारत की प्रभारी डॉ संजू श्रीमाली रहे। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्राओं ने विभिन्न असमिया पाक कला के साथ अपनी श्रेष्ठ प्रस्तुतियां दी। इसमें डॉ अजंता गहलोत, डॉ नीरू गुप्ता व डॉ सीमा व्यास ने निर्णायकगण की भूमिका निभाई तथा छात्राओं द्वारा बनाये गये असमिया व्यंजनों को सराहा। इस कार्यक्रम में एक भारत श्रेष्ठ भारत व गृह विज्ञान विभाग के सभी सदस्यों ने अपनी सहभागिता देकर कार्यक्रम को सफल बनाया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पूजा रैन एमए प्रीवियस गृह विज्ञान, द्वितीय स्थान नीलिमा थानवी, एमए प्रीवियस गृह विज्ञान व तृतीय स्थान दीपिका कंवर एमए प्रीवियस गृह विज्ञान ने प्राप्त किया व खुशबू राजवी एमए प्रीवियस गृह विज्ञान व यशोदा प्रजापत, एमए प्रीवियस गृह विज्ञान को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया।

प्राचार्य,
महारानी सुदर्शन कन्या महाविद्यालय,
बीकानेर

कार्यालय प्राचार्य राजकीय महारानी सुदर्शन कन्या महाविद्यालय, न्यू गजनेर रोड, बीकानेर
ईमेल आईडी : mscollege.bkn@gmail.com, mscbikaner.ce@rajasthan.gov.in फोन न. 0151-2528163
NAAC ACCREDITED "B+" GRADE COLLEGE

दिनांक : 10.03.2022

# प्रेस विज्ञप्ति

राजकीय महारानी सुदर्शन कन्या महाविद्यालय, बीकानेर में दिनांक 10.03.2022 को गृह विज्ञान विभाग में हस्तनिर्मित खिलौना प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान संघप्रिया ढाल, द्वितीय स्थान खुशबु राजवी तथा तृतीय स्थान रामकला मूंड और निलिमा थानवी ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। प्रतियोगिता के निर्णायकगण डॉ नीरू गुप्ता, डॉ शशि वर्मा व डॉ श्रद्धा रहे। सभी ने छात्राओं के सृजनात्मक प्रयास की सराहना की व विजेताओं को बधाई दी।

प्राचार्य,
महारानी सुदर्शन कन्या महाविद्यालय,
बीकानेर

कार्यालय प्राचार्य राजकीय महारानी सुदर्शन कन्या महाविद्यालय, न्यू गजनेर रोड, बीकानेर
ईमेल आईडी : mscollege.bkn@gmail.com, mscbikaner.ce@rajasthan.gov.in फोन न. [illegible]
NAAC ACCREDITED "B+" GRADE COLLEGE

दिनांक : 14.03.2022

## प्रेस विज्ञप्ति

राजकीय महारानी सुदर्शन कन्या महाविद्यालय, बीकानेर में आज दिनांक 14.03.2022 को **"एक भारत श्रेष्ठ भारत"** व गृह विज्ञान परिषद् के तत्वावधान में भारतीय प्रांतीय व्यंजन (थाली बनाने की) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इस प्रतियोगिता की अध्यक्षता डॉ इंदिरा गोस्वामी, प्राचार्य व डॉ ऋषभ जैन द्वारा की गई।

इस कार्यक्रम का आयोजन गृह विज्ञान विभाग डॉ निधि अग्रवाल व "एक भारत श्रेष्ठ भारत" की प्रभारी डॉ संजू श्रीमाली के निर्देषन में किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न महाविद्यालय संकाय सदस्यों एवं समितियों के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्राओं ने राजस्थानी, गुजराती, केरल, दक्षिण भारत राज्यों के व्यंजन बनाकर प्रस्तुत किये गये।

प्रतियोगिता में निर्णायकगण के रूप में डॉ उज्ज्वल गोस्वामी, डॉ हनुमानमल देवड़ा व डॉ श्रीकांत व्यास रहे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर खुशबू राजवी राजकीय महारानी सुदर्शन कन्या महाविद्यालय, द्वितीय स्थान नीलिमा थानवी व तृतीय स्थान पूजा रैन राजकीय महारानी सुदर्शन कन्या महाविद्यालय ने प्राप्त किया। निर्णायकगण व संकाया सदस्यों ने प्रतियोगिता में उच्च स्तरीय प्रदर्शन के लिए छात्राओं की प्रशंसा की। अंत में महाविद्यालय प्राचार्य द्वारा प्रतियोगिता में विजेता छात्राओं को बधाई व शुभकामनाएं दी गई।

प्राचार्य,
महारानी सुदर्शन कन्या महाविद्यालय
बीकानेर

एनएसएस, एनसीसी के संयुक्त तत्वाधान में राजकीय महारानी सुदर्शन कन्या महाविद्यालय में प्राचार्य श्रीमती इंदिरा गोस्वामी ने विद्यार्थियों तथा स्टाफ को पर्यावरण सुरक्षा की शपथ दिलाई साथ ही अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने तथा प्लास्टिक का उपयोग ना करने के लिए प्रेरित किया इस अवसर पर महाविद्यालय के वानस्पतिक उद्यान में औषधीय पादप तुलसी, अश्वगंधा ,चंपा ,सदाबहार आदि का रोपण किया गया इसके पश्चात जया नेहा आयुर्वेदिक सलाहकार केंद्र से पधारे श्रीमान देवकी नंदन शर्मा ने छात्राओं को तुलसी के विभिन्न प्रकार उनके उपयोग के बारे में बताया गया उन्होंने बताया कि तुलसी एंटीबायोटिक तथा प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाली है यह कफ, वात, पित्त विकार, श्वसन संबंधी रोगों में लाभदायक है उन्होंने बताया कि नियमित तुलसी के सेवन से सांस संबंधी समस्याओं, अधिक वजन ,पाचन संबंधित समस्याओं तथा डायबिटीज में राहत मिलती है इस अवसर पर प्राचार्य समस्त स्टाफ तथा छात्राएं उपस्थित रही ।

प्राचार्य,
राज. महारानी सुदर्शन महाविद्यालय,
बीकानेर

## जनवरी 2022

### 12 जनवरी 2022– युवादिवस

12 जनवरी 2022 को युवादिवसमनायागया।प्राचार्य डॉ0 शिशिर शर्मा सहआचार्य डॉ0 संजूश्रीमाली ने छात्राओंकोस्वामीविवेकानन्द के जीवन सेजुड़ेप्रेरकप्रसंगोंपरप्रकाशडाला।साथहीछात्राओं के बीचविचारगोष्ठीकाआयोजनकियागया।गोष्ठीमेंछात्राओं ने विवेकानन्दजी के जीवन सेजुड़ेप्रेरकप्रसंग, उनकीशिक्षाओंऔर उनके जीवन [illegible] प्रस्तुतकिया।

12–19 जनवरी 2022 –राष्ट्रीय युवासप्ताह [illegible] नारे व निबन्ध लेखन की प्रतियोगिताएंकरवाईगईं। 14 जनवरी 2022 [illegible]।

17 जनवरी 2022 –कोN.S.S के [illegible] से 15 से 18 वर्ष के [illegible]।

23 जनवरी 2022 –[illegible] की जयन्तीपर एक [illegible] डॉ0 [illegible] NSS [illegible]

2[illegible] जनवरी 2022 –N.S.S. [illegible]

इसकार्यक्रमकासंचालनNSS की स्वयंसेविकाओं ने स्वयंकियातथाहैण्डीक्राफ्टप्रतियोगिता, पोस्टर व मेंहदीप्रतियोगिताओंकाआयोजनकियागया।इसकार्यक्रममें 'दैनिकलोकमत' अखबार की निर्देशिका डॉ0 अंकितामाथुर ने छात्राओंकोसम्बोधितकिया।

30 जनवरी 2022 –शहीददिवसपर 'शांतिमार्च' निकालागया।

## फरवरी 2022

5 फरवरी 2022 –बसंतपंचमीमनाईगई।

महाविद्यालय के स्तरपरबसंतपंचमी के कार्यक्रमकाआयोजनकियागया।

7 से 14 फरवरी– 2022 प्रसिद्ध गांधीवादीसुब्बारावजी की जयन्तीपर 'राजस्थान युवा पखवाड़ा' काआयोजनकिया।जिसकेअन्तर्गतनिबंध, चित्रकला, भाषण व गीतप्रतियोगिताओंकाआयोजनकियागया।

18 फरवरी 2022 –को द्वितीय डोज 'वेक्सीनेशनकैम्प' काआयोजनकियागया।

28 फरवरी 2022 –को 'मनसा' रैलीकाआयोजनकियागया।जिसकाविषय ''मिशनअगेंस्टनारकोटिक्ससब्सटेंसअब्यूज'' रहा।इसी के तहतपोस्टरप्रतियोगिताकाभीआयोजनकियागया।

मार्च 2022

7 मार्च 2022 –मनसा के तहतसंभागस्तरीय पोस्टरप्रतियोगिताकाआयोजनकियागया। (Mission Against Narcotic Substance Abuses)

8 मार्च 2022 –अन्तर्राष्ट्रीय महिलादिवस के अवसरपर 'वर्तमानपरिप्रेक्ष्य मेंमहिलाओं की समस्यायें' विषय परकार्यशालाकाआयोजनकियागया।जिसमेंअंजूटुकराल (मनोचिकित्सक) व मल्लिकापरवीन (कानूनी सलाहकार) ने छात्राओंसेसंवादकिया।

15 मार्च 2022 – 'राष्ट्रीय उपभोक्तादिवस' परपोस्टरमेकिंग व कॉलेजमेकिंगप्रतियोगिताकाआयोजनकियागया।जिसमेंपोस्टरकाविषय 'उपभोक्ताजागरूकता' एवंकोलॉजकाविषय उपभोक्तासमस्याओंपरआधारितथा।

16 मार्च 2022 – एन.एस.एस. के 'समापनसमारोह' काआयोजनकियागयाजिसमेंवर्षपर्यन्त की गईगतिविधियों की रिपोर्टप्रस्तुतीकरण के साथहीNSS द्वारावर्षभरकरवाईगईगतिविधियों की विजेताकोपुरस्कृतभीकियागया।

23 मार्च 2022 –संभागीय आयुक्त, बीकानेर द्वारा 'नशे के विरूद्ध जागरूकताअभियान' के तहतपैदलमार्चकाआयोजनकियागया। यह मार्च 'नशानाकरनेदेंगे' कासंदेशसमाजमेंनागरिकोंतकपहुँचाने के लक्ष्य से रखागया।महाविद्यालय की N.S.Sस्वयंसेविकाओं ने इसमेंभागलिया।

30 मार्च 2022 – शहीददिवस के उपलक्ष मेंमहाविद्यालय के स्तर 'पोस्टरप्रतियोगिता' काआयोजनकियागया।

# रिपोर्ट

महाविद्यालय में आज दिनांक 26.11.2021 को संविधान दिवस के उपलक्ष्य में महाविद्यालय सभागार में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें डा० महेश खिचर ने संविधान में महिलाओं के अधिकार विषय पर जानकारी दी इसके पश्चात महाविद्यालय प्राचार्य डा० किशोर शर्मा द्वारा छात्राओं व स्टाफ मेम्बर को संविधान की शपथ दिलाई गई। महिला प्रकोष्ठ के सभी अधिकारी गण ने उपस्थित रहकर छात्राओं को प्रोत्साहित किया।

कार्यालय प्राचार्य राजकीय महारानी सुदर्शन कन्या महाविद्यालय, न्यू गजनेर रोड, बीकानेर

ईमेल आईडी : mscollege.bkn@gmail.com, msc.bikaner.cce@rajasthan.gov.in

NAAC ACCREDITED "B+" GRADE COLLEGE

दिनांक :

# प्रेस विज्ञप्ति

## अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यशाला

राजकीय महारानी सदुर्शन कन्या महाविद्यालय, बीकानेर मे आज दिनांक 08.03.2022 अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य मे एनएसएस, महिला प्रकोष्ठ व आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ कार्यक्रम की अध्यक्ष डॉ श्रुति गोस्वामी, मुख्य अतिथि डॉ अंजु तुकराल, डॉ मल्लिका परवीन, डॉ मोनिका खेतरपाल, डॉ अजंता गहलोत, डॉ सुनीता गहलोत व अन्य संकाय सदस्यों के द्वारा मां सरस्वती के चरणों में पुष्प अर्पण कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान डॉ अंजु तुकराल द्वारा मानसिक सेहत की वृद्धि के लिए व्याख्यान दिया गया साथ ही मानसिक सेहत को व्यायाम के माध्यम से प्रबल बनाने का तरीका समझाया। इसके पश्चात डॉ मल्लिका परवीन द्वारा महिलाओ के कानूनी अधिकारो के बारे में जानकारी देकर छात्राओं को सशक्त बनाने का प्रयास किया। कार्यक्रम मे एनएसएस, महिला प्रकोष्ठ व आईक्यूएसी टीम के सदस्य व संकाय सदस्य उपस्थित रहे। अंत मे डॉ सुनीता गहलोत द्वारा धन्यवाद ज्ञापित कर सभी का आभार प्रकट किया गया।

प्राचार्य,
महारानी सुदर्शन कन्या महाविद्यालय
बीकानेर

... सुदर्शन कन्या ...
... पूगल रोड, बीकानेर
...@gmail.com, mscbikaner.ce@rajasthan.gov.in
फोन न. 0151-252...

# रिपोर्ट

दिनांक :

आज दिनांक 03.12.2021 को राजकीय महारानी सुदर्शन कन्या महाविद्यालय में एनएसएस, हेल्थ सेंटर व महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में एक वेलनेस कैम्प का आयोजन किया गया। यह कैम्प वेलनेस क्लब बीकानेर की ओर से लगाया गया। कैम्प में छात्राओं के विभिन्न स्वास्थ्य मापदंडों जैसे टोटल बाडी फैट, टोटल विसरल फैट, स्केलेटल मसल्स वेट, बाडी एज तथा बीएमआई आदि को मापा गया व छात्राओं को इन संकेतकों तथा इनसे आने वाली विसंगतियों से क्या तात्पर्य है। इन विसंगतियों का उनके स्वास्थ्य पर क्या प्रभाव पड़ेगा इस बारे में भी जानकारी दी गई। इसके साथ ही क्लब की ओर से आए परामर्शदाताओं ने छात्राओं को बताया कि हमारे शरीर में जीवन शैली से पैदा होने वाली ज्यादातर बीमारियां या तो भोजन में पोषक तत्वों की कमी से होती है या इसकी अधिकता से अतः हमें संतुलित आहार का प्रयोग करना चाहिये। संतुलित आहार एक ऐसा आहार है जिसमें प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट व फैंट के साथ-साथ विटामिन्स, मिनरल्स, फाइबर, कैल्शियम, आयरन तथा अन्य भोजन के सूक्ष्म तत्व आदि संतुलित मात्रा में पाए जाते हैं इसके साथ ही एक संतुलित जीवनशैली के लिए हमें व्यायाम पर भी ध्यान देना चाहिये तभी हम जीवनशैली से जुडी ज्यादातर बीमारियों से दूर रहकर एक स्वस्थ जीवन जी पाएंगें।

# वार्षिक रिपोर्ट

# 2021—22

Scanned with CamScanner

# वार्षिक रिपोर्ट 2021–22

राजकीय महारानी सुदर्शन कन्या महाविद्यालय में कार्यरत राष्ट्रीय सेवा योजना की वर्ष 2021–22 की (जुलाई माह से दिसंबर माह तक) रिपोर्ट इस प्रकार है :

जुलाई माह में राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाइयों के संयुक्त तत्वाधान में वन महोत्सव सप्ताह का आयोजन किया गया जिसके तहत महाविद्यालय के समस्त संकाय के साथ बीकानेर में हरित राजस्थान के तीसरे चरण के तहत पौधारोपण अभियान किया गया। इसके अंतर्गत विभिन्न प्रजाति के छायादार व फलदार पौधो का रोपण किया गया। स्वयं सेविकाओं ने अपने घर तथा आस–पास पेड़ पौधे लगाये तथा उनकी देखभाल का संकल्प लेकर इस कार्यक्रम में अपनी भागीदारी निभाई।

दिनांक 8–14 जुलाई 2021 में अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता सप्ताह भी मनाया गया जिसके तहत एक छात्रा : एक साक्षर कार्यक्रम में स्वयंसेविकाओं ने अपने गृहस्थान से ही लोगो को साक्षर कर अपनी उपस्थिति Online माध्यम से Photo भेज कर दी।

दिनांक 16 जुलाई 2021 को NABARD तथा महाविद्यालय की NSS ईकाइयों के संयुक्त तत्वाधान मे वृहद स्तर पर वृक्षारोपण किया गया जिसके तहत अनेक सजावटी, 10 ट्री गार्ड भी महाविद्यालय को उपलब्ध कराए गए।

दिनांक 1 अगस्त – 15 अगस्त 2021 तक स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया गया। कोरोना काल के मध्यनज़र रखते हुए छात्राओं ने अपने घरों के आस–पास के क्षेत्र में श्रमदान दिया तथा कुछ स्वंयसेविकाओं ने कोरोना के बचाव के मापदण्डों की सीमा मे रहकर महाविद्यालय परिसर मे भी श्रमदान देकर इस कार्यक्रम में सहभागिता निभाई।

15 अगस्त को महाविद्यालय में Alumini छात्राओं को उनके achievement के लिए सम्मानित किया गया। NSS की छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर इस कार्यक्रम में सहभागिता निभाई। भारत सरकार द्वारा आयोजित अमृत महोत्सव के क्रम में राष्ट्रगान की वीडियो अपलोड करने के लिए एक एप लांच किया गया। NSS छात्राओं ने राष्ट्रगान अपलोड कर Participation certificate प्राप्त कर इस राष्ट्रीय पर्व में अपनी उपस्थिति दी।

Scanned with CamScanner

20 से 26 अगस्त तक सद्भावना सप्ताह का आयोजन किया गया। इसके अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रम रखे गए यथा:

- 20 अगस्त को सद्भावना शपथ का आयोजन हुआ जिसके तहत छात्राओं ने Online माध्यम से शपथ ग्रहण की।
- 21 अगस्त को नशा मुक्ति अभियान एवम् सामाजिक सरोकार के तहत संकल्प एवम् स्लोगन (पोस्टर) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।
- 22 अगस्त को मेंहदी प्रतियोगिता का Online आयोजन हुआ जिसमें छात्राओं ने बड़े उत्साह से भाग लिया।
- 23 अगस्त को एक दिवसीय आत्मशुद्धि उपवास कार्यक्रम रखा गया। इसके तहत सभी NSS अधिकारी गण व छात्राओं से एक दिन किसी भी बुरे विचार को न अपनाने व धैर्य, दृढ़ता व एकाग्रता से ध्यान व प्राणायाम, योग करने को कहा गया। स्वयंसेवकों ने इसमें रुचि दिखाते हुए इस उपवास को किया।
- दिनांक 24 अगस्त 2021 को गांधी भजन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसके तहत छात्राओं ने सद्भावना भजन, गांधी भजन आदि का लेखन कर इस कार्यक्रम में सहभागिता निभाई।
- दिनांक 25 अगस्त 2021 को एक निबन्ध प्रतियोगिता जिसका विषय था नशा खोरी–समस्या एवम् समाधान का Online आयोजन किया गया। इसमें छात्राओं ने अपने विचारों को निबन्ध के रूप में प्रस्तुत कर अपनी सहभागिता निभाई।
- दिनांक 26 अगस्त 2021 को एक गायन (एकल) प्रतियोगिता रखी गई जिसमें छात्राओं ने अपनी गायन कला का विडियो अपलोड कर इस कार्यक्रम में भागीदारी निभाई।

दिनांक 28 अगस्त को Fit India freedom run के तहत एक रैली का आयोजन किया गया। इसी क्रम में 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया।

दिनांक 1–7 सितंबर राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के तहत छात्राओं के लिए पोषण से संबंधित विडियो अपलोड किए गए जिसमें पाचन से संबंधित अच्छी आदतों के बारे में छात्राओं को अवगत करवाया गया तथा उन्हे दैनिक जीवन में अपनाने को कहा गया।

Scanned with CamScanner

14 सितंबर 2021 को हिन्दी दिवस पर एक काव्य पाठ का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं. ने अपने हिन्दी प्रेम को कविता के रूप में उतार कर अपनी भावनाओं को प्रदर्शित किया।

आजादी के 75 वीं वर्षगांठ व अमृत महोत्सव के तहत NSS व NCC के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 11 सितंबर 2021 एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया जिसमें राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के जीवन से जुड़े विभिन्न प्रेरक प्रसंगों का नुक्कड़ नाटक के द्वारा मंचन किया गया।

11–17 सितंबर 2021 को सत्याग्रह सप्ताह के रूप में आयोजित किया गया जिसके अंतर्गत 11 सितंबर को नुक्कड़ नाटक का मंचन, 14.09.2021 को स्लोगन व नारा लेखन कर हिन्दी दिवस मनाया गया ।

दिनांक 24 सितंबर 2021 को NSS स्थापना दिवस आयोजित हुआ जिसमें दो कार्यक्रम रखे गए यथा NSS प्रश्नोत्तरी एवम् NSS में 1 साल के अनुभव का Video clip साथ ही एक One day State level का Webinar हुआ जिसका link शेयर किया गया व छात्राओ ने इसमें भाग लिया।

दिनांक 2 अक्टूबर 2021, को महात्मा गांधी जी की जन्मतिथि पर दो कार्यक्रम हुए। महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति बीकानेर एवं जिला प्रशासन बीकानेर द्वारा गांधी जंयति को महात्मा गांधी एवम् युवा, विषय पर एक व्याख्यान रवीन्द्र रंगमंच पर हुआ जिसमें महाविद्यालय से रा.से.यो की छात्राओं व अधिकारी गण ने अपनी उपस्थिति दी।

2 अक्टूबर को ही NSS व महात्मा गांधी अध्ययन केन्द्र के संयुक्त तत्वाधान में गांधी जी एवम् शास्त्री जी की जंयति मनाई गई। इस अवसर पर एक विचार संगोष्ठी का आयोजन हुआ जिसमें संकाय सदस्यों ने गांधी दर्शन व शास्त्री जी के जीवन पर विचार व्यक्त किए। NSS छात्राओं द्वारा भजन (वैष्णव जन की तैने कहिए) की सुंदर प्रस्तुति दी गई।

दिनांक 11 अक्टूबर 2021 को एक परिचर्चा : "आत्मनिर्भर भारत कैसे बनें ?" चुनौतियां और अवसर तथा "कोरोना काल और आर्थिक मोर्चे के अवरोधक" पुस्तक पर

Scanned with CamScanner

संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें शिक्षाविद् और आर्थिक चिंतक डॉ पी एस वोहरा द्वारा व्याख्यान दिया गया।

Pre RD comp (18–27 Oct 2021) में जाने के लिए स्वयंसेविका, दिव्या जिंदल एवम् नीलम ज्यानी का चयन हुआ परन्तु छात्राओं के University degree Exam के चलते छात्राओं ने आगे इसमें भाग नही लिया।

दिनांक 25.10.2021 को जिलाधीश महोदय के आदेशानुसार डेंगू मुक्त बीकाणा अभियान के तहत पी.सी.एम.ओ डॉ. अनिल वर्मा व नेहा शेखावत द्वारा व्याख्यान दिया गया एवम् बचाव के विभिन्न उपायो पर छात्राओं से परिचर्चा की गई। छात्राओं द्वारा महाविद्यालय परिसर में रखे पानी के विभिन्न स्त्रोतो की सफाई एवम् नालियों, गड्ढो में एंटी लार्वल दवा डाली गई।

दिनांक 16–17 अक्टूबर, डेंगू के खिलाफ जागरुकता अभियान के अंतर्गत पानी के विभिन्न स्त्रोतो जहां मच्छर पनपने की सम्भावना थी, उनकी सफाई की गई।

दिनांक 28 अक्टूबर 2021 को NSS, Women cell, NCC Health Club, राजीव गांधी सेवा केन्द्र के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें डॉ. सोनिया गुप्ता द्वारा माहवारी चक्र व स्वच्छता प्रबंधन पर एक व्याख्यान दिया गया व छात्राओं से परिचर्चा कर उनकी स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान किया।

दिनांक 24.10.2021 से 31.10.2021 को जन उत्साह उत्सव के रूप में मनाया गया। इसके अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम यथा: भाषण प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, फोटो प्रदर्शनी, फिल्म/वृत्त चित्र व 31.10.2021 को राष्ट्रीय एकता शपथ कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें छात्राओं ने उत्साह से सहभागिता निभाई तथा परिसर में श्रमदान किया।

दिनांक 19 नवंबर को कौमी एकता सप्ताह के तहत शपथ कार्यक्रम हुआ जिसमे छात्राओं ने Online शपथ ग्रहण की।

दिनांक 20.11.2021 को महाविद्यालय की NSS समिति व NSS परामर्शदात्री की बैठक आयोजित की गई जिसके तहत वर्ष पर्यन्त होने वाली गतिविधियों, रूप रेखा के बारे

Scanned with CamScanner

में, पंजीकरण प्रक्रिया, एक दिवसीय व सात दिवसीय शिविर आदि के आयोजन पर चर्चा की गई। बैठक में डॉ. मंजू मीणा व डॉ. निधि अग्रवाल व NSS अधिकारी गण उपस्थित रहे।

दिनांक 22.11.2021 को मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसमे प्रशासन से आये हुए प्रतिनिधियो ने 'वोटर हेल्प लाइन' रूप की जानकारी छात्राओं से सांझा की व बस्तियो ने इसके प्रचार–प्रसार की अपील की। छात्राओं से भी यह एप डाउनलोड करने व नए मतदाता के रूप में Register होने को कहा। छात्राओं ने मतदान जागरूकता के नारे लगाते हुए रैली के द्वारा लोगो को जागरूक किया।

दिनांक 22.11.2021 को ही कौमी एकता सप्ताह के तहत कौमी एकता एवम् डेंगू मुक्त बीकाणा रैली का भी आयोजन हुआ जिसमें पास की बस्तियों को डेंगू से बचाव हेतू फास्ट कार्ड व अगरबतियां वितरित की गई। ठहरे हुए पानी के स्त्रोतो में तेल डाला ताकि मच्छर नष्ट हो सकें। साथ ही कौमी एकता सप्ताह के तहत लोगो को धार्मिक सहिष्णुता एवं साम्प्रदायिक सद्भाव का राष्ट्रीय एकता का महत्त्व भी समझाया व नारे लगाए।

26 नवंबर 2021 को संविधान दिवस का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. शिशिर शर्मा ने NSS अधिकारी गणो, स्वयंसेविकाओं व संकाय सदस्यों को संविधान की शपथ दिलाई। डॉ. महेश रचयिता द्वारा संविधान के महत्त्व पर प्रकाश डाला गया। छात्राओं को महाविद्यालय परिसर में लगे संविधान उदेशिका को रोज पढ़ने की अपील की व अपने अंदर आत्मसात करने को कहा। छात्राओं ने भी संविधान पर अपने विचार प्रकट कर कार्यक्रम में सहभागिता निभाई।

दिनांक 1.12.2021 को विश्व एड्स दिवस मनाया गया तथा Poster प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

दिनांक 2 दिसंबर 2021 को महाविद्यालय में NSS, महिला प्रकोष्ठ व स्वास्थय केन्द्र के संयुक्त तत्वाधान में एक वैलनेस कैंप का आयोजन हुआ जिसमें NSS की स्वयं सेविकाओं ने Volunteer के रूप में अपनी सेवाये प्रदान की तथा छात्राओं के स्वास्थय की जांच की गई। इसमें अधिकारी गणों ने अपनी उपस्थिति देकर सहभागिता निभाई।

Scanned with CamScanner

दिनांक 6.12.2021 निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन हुआ– कम्प्यूटराइज नेत्र जांच तथा परामर्श दिया। इसमें 200 छात्राओं ने रजिस्ट्रेशन कराया व जांच करवायी।

दिनांक 8.12.2021 को NSS का उद्घाटन समारोह व प्रथम एक दिवसीय का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाये गये। छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर में श्रमदान किया तथा वृक्षारोपण किया। नवीन छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य, गीत, लोगो (logo), वर्ष पर्यन्त गतिविधियों आदि की जानकारी दी गई। 2019–20 की छात्राओं को NSS प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। साथ ही NSS व मानव धर्म संस्थान द्वारा बास्केट बाल की विजेता छात्राओं को सम्मानित किया गया व प्रशस्ति पत्र दिए गए।

दिनांक 10.12.2021 को NSS की चारों इकाइयों के संयुक्त तत्वाधान में NSS का द्वितीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया तथा मानवाधिकार दिवस मनाया गया। साथ ही जापानी मार्शल आर्ट के तहत छात्राओं को आत्म सुरक्षा के गुर सिखाये गए। डॉ. श्रीकांत व्यास द्वारा N-List से छात्राओं को अवगत कराया गया। डॉ. शशि वर्मा द्वारा मानवाधिकारों की घोषणा की व्याख्या की गई। डॉ. बबीता जैन द्वारा अधिकारो के उद्भव व विकास पर विस्तार से चर्चा की। छात्राओं को महिला अधिकारो पर वीडियो वृत्त चित्र भी दिखाये गए। शिविर के अंत में मेंहदी व स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर सहभागिता दिखाई।

दिनांक 11.12.2021 को महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय पर्वत दिवस के अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय पर्वतारोही डॉ. सुषमा बिस्सा का व्याख्यान एवम् Slide Show का आयोजन किया गया जिसमें डॉ. सुषमा बिस्सा द्वारा Slide Show के द्वारा विभिन्न प्रकार के पैरास्लाइडिंग, Glinding, Ice sking व अपने अनुभव सांझा किए गए व छात्राओं को इस क्षेत्र में बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

Scanned with CamScanner


कार्यालय प्राचार्य राजकीय महारानी सुदर्शन कन्या महाविद्यालय, न्यू गजनेर रोड, बीकानेर
ईमेल आईडी : mscollege.bkn@gmail.com, mscbikaner.ce@rajasthan.gov.in फोन न. 0151–2528163
NAAC ACCREDITED "B+" GRADE COLLEGE


दिनांक : 30.04.2022

# प्रेस विज्ञप्ति

आज दिनांक 30 अप्रैल 2022 को राजकीय महारानी सुदर्शन कन्या महाविद्यालय, बीकानेर में महाविद्यालय के इको क्लब व एनएसएस के संयुक्त तत्वाधान में राज्य स्तरीय परिंडा अभियान के तहत महाविद्यालय के विभिन्न खुले स्थानों पर पक्षियों के लिए पानी के परिंडें रखवाए गए। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ इंदिरा गोस्वामी सहित संकाय सदस्य डॉ रेनू बंसल, डॉ रोजी श्रीवास्तव, डॉ सीमा व्यास, डॉ ऋचा मेहता आदि उपस्थित रहे, साथ ही विद्यार्थी निधि, अंजलि, भव्या, अफसाना, अंकिता आदि भी उपस्थित रहे।

प्राचार्य,
महारानी सुदर्शन कन्या महाविद्यालय,
बीकानेर


GPS Map Camera
Bikaner, Rajasthan, India
28H5+VHR, Jaisalmer Rd, Pajavgiran Mohalla, Amarsinghpura,
Bikaner, Rajasthan 334001, India
Lat 28.029414°
Long 73.309299°
30/04/22 12:42 PM
Google


Bikaner, Rajasthan, India
28H5+VHR, Jaisalmer Rd, Pajavgiran Mohalla, Amars
Bikaner, Rajasthan 334001, India
Lat 28.029451°
Long 73.309426°
30/04/22 12:41 PM

कार्यालय प्राचार्य राजकीय महारानी सुदर्शन कन्या महाविद्यालय,
न्यू गजनेर रोड, बीकानेर
ईमेल आईडी : mscollege.bkn@gmail.com, mscbikaner.ce@rajasthan.gov.in फोन नं. 0151–2528163

दिनांक : 5.6.2022

## प्रेस विज्ञप्ति

अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण दिवस के अवसर पर राजकीय महारानी सुदर्शन कन्या महाविद्यालय में विशिष्ट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण तथा जैव विविधता को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय परिसर में पक्षियों के लिए भोजन की विशेष व्यवस्था की गई । इस अवसर पर महाविद्यालय की सदस्यों की तरफ से परिसर में बर्ड फीडर लगाए गए तथा साथ ही विभिन्न पादपों का रोपण किया गया। जिनमें तुलसी ,अश्वगंधा ,गिलोय, नीम, हार सिंगार आदि थे ।इसके अलावा महाविद्यालय परिसर में पक्षियों के लिए पानी के परिंडे रख वाए गए , साथ ही पर्यावरण संरक्षण से संबंधित कोटेशन लगवाए गए इस अवसर पर प्राचार्य श्रीमती विजय श्री गुप्ता ने पर्यावरण संरक्षण की महत्ता तथा आवश्यकता के बारे में बताया । इस अवसर पर विभिन्न संकाय सदस्य श्रीमती इंदिरा गोस्वामी, डॉ ऋषभ जैन ,डॉक्टर अजंता गहलोत तथा इको क्लब के सदस्य डॉ रेनू बंसल, डॉ रोजी श्रीवास्तव , डॉ सीमा व्यास आदि उपस्थित रहे।

प्राचार्य,
राजकीय महारानी सुदर्शन कन्या महाविद्यालय,
बीकानेर

IP Address: 106.205.203.58
Accepted By: Muskan Kausar
... of Acceptance: 14 September 2022 04:21 PM


कार्यालय प्राचार्य राजकीय महारानी सुदर्शन कन्या महाविद्यालय,
न्यू गजनेर रोड, बीकानेर
ईमेल आईडी : mscollege.bkn@gmail.com, mscbikaner.ce@rajasthan.gov.in फोन न. 0151-2528163

दिनांक : 31.7.2022

# प्रेस विज्ञप्ति

राजकीय महारानी सुदर्शन कन्या महाविद्यालय में दिनांक 31 जुलाई 2022 को इको क्लब द्वारा महाविद्यालय की वनस्पति उद्यान तथा एनएसएस वाटिका में विभिन्न औषधीय तथा सजावटी पौधों का रोपण किया गया। जिसमें अश्वगंधा, तुलसी ,क्रूटोंस, टीकम, बोगनविलिया, सरेश, गुड़हल आदि वृक्षों को लगाया गया । इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण तथा जैव विविधता के महत्व को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय परिसर में पक्षियों के लिए बर्ड फीडर विभिन्न स्थानों पर लगाए गए। यह बर्ड फीडर वनस्पति उद्यान परिसर, वनस्पति शास्त्र विभाग, वाणिज्य विभाग, गृह विज्ञान विभाग के समीप लगाए गए । इनमें पक्षियों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई इस अवसर पर प्राचार्य डॉ विजय श्री गुप्ता ने इको क्लब द्वारा की गई इस पहल पर हार्दिक खुशी अभिव्यक्त की साथ ही उन्होंने छात्राओं तथा स्टाफ सदस्यों को अधिक अधिक वृक्षारोपण करने तथा जैव विविधता संरक्षण हेतु संदेश दिया इस अवसर पर विभिन्न संकाय सदस्य, छात्राएं तथा इको क्लब के सदस्य उपस्थित रहे।

प्राचार्य,
राजकीय महारानी सुदर्शन कन्या महाविद्यालय,
बीकानेर


SAVE THE ENVIROMENT
YOU WILL SAVE
LIFE AND FUTURE

